हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani

(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)
(ISO 9001 : 2015 - Certified Organization)

भारत 2023 INDIA

No. BSEH/EW/A-7/2023

Notification No:- 08/2023
Date : 31-08-2023

सार्वजनिक सूचना

विषयः– अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव दिनांक 23 दिसंबर 2023 के आयोजन बारे।

बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि इस वर्ष गौरवशाली "अन्तर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव" 23 दिसंबर 2023 को मनाया जाना है। गत वर्षों की भांति इस पर्व को पूर्ण श्रद्धा, उत्साह व उल्लास के साथ तो मनाना ही है, साथ ही भगवद्गीता में उल्लेखित 18 श्लोक जिनमें जीवन का सार निहित है, का इस "गीता जीवन गीत" अनुष्ठान के अन्तर्गत पूरे भारत में एक सुर में उच्चारण किया जाना है। जिससे भारत के साथ पूरे विश्व का वातावरण आह्लादित व दिव्य हो।

उक्त आशय के संदर्भ में लिखा जाता है कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा योग, गीता ज्ञान व नैतिक शिक्षा के समेकित पाठ्यक्रम को विद्यालयी स्तर पर लागू किया हुआ है एवं इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के सैक्शन 4.27 एवं 4.28 के अन्तर्गत भी विद्यार्थियों के नैतिक, बौद्धिक एवं चारित्रिक विकास पर विशेष बल दिया गया है। चूंकि भगवद्गीता में वर्णित श्लोकों में अंतर्निहित महत्वपूर्ण व अर्थपूर्ण कथनों की विद्यार्थी जीवन में प्रासंगिकता एवं बोर्ड द्वारा तैयार किये गये योग, गीता ज्ञान व नैतिक शिक्षा के समेकित पाठ्यक्रम तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 का एक समान उद्देश्य प्रतीत होता है। जिसके दृष्टिगत हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्णय लिया गया है कि बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त सभी राजकीय/अराजकीय विद्यालयों में प्रतिदिन छात्र/छात्राओं को प्रातःकाल प्रार्थना के दौरान एक लय में शुद्ध सामूहिक गीता में वर्णित श्लोकों के उच्चारण का अभ्यास करवाया जाये। जिससे गीता जयंती महोत्सव के दिन सबका उच्चारण शुद्ध व सुरताल में होने से यह अनुष्ठान तो दिव्य बनेगा ही, साथ में बोर्ड द्वारा तैयार समेकित पाठ्यक्रम के उद्देश्य को प्राप्त करने में भी व्यवहारिक दृष्टि से काफी सहायक साबित होगा।

उपर्युक्त के संदर्भ में उल्लेखनीय है कि इस कार्य हेतु संयोजक, "गीता जयंती महोत्सव" द्वारा आपसे सम्पर्क करते हुए आपको निःशुल्क ऑडियो उपलब्ध करवाई जायेगी एवं इस महोत्सव के संबंध में पूर्ण प्रक्रिया से अवगत भी करवाया जायेगा।

31/8/2023

सहायक निदेशक (शैक्षिक)
कृतेः सचिव